मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 45 ■ अंक : 278 ■ सोमवार 2 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 4

3 रुपए

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play | Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel | Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग**

# क्या सत्ता में टिक पाएगी महायुति?

## भाजपा ने शिवसेना पर लगाया अन्याय का आरोप

## स्टैंडिंग कमेटी समेत चेयरमैनों का पद पाने हेतु लड़ाई शुरू

■ **भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवसेना में न जाते तो हमें पूर्ण बहुमत होता**



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर की राजनीति का रिमोट स्थानीय नेताओं के पास न होकर डोंबिवली व ठाणे के नेताओं के पास है। जिस कारण भाजपा व शिवसेना के स्थानीय नेताओं ने मजबूरी में सत्ता में एक साथ आना कबूल किया है। चुनाव से पूर्व व चुनाव के दौरान दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे का इतना नुकसान किया है जिससे स्थानीय नेता उभर नहीं पा रहे हैं। ऐसे में क्या 5 साल भाजपा व शिवसेना की सत्ता टिक पाएगी इसकी चर्चा जोरों पर चल रही है।

महापौर चुनाव से पूर्व ही भाजपा के चुनाव प्रमुख प्रदीप रामचंदानी ने एक बयान में कहा है कि अगर शिवसेना ने हमारे वरिष्ठ नेताओं को तोड़ा न होता तो आज भाजपा बहुमत में होती और सत्ता हमारे पास होती। यह हमारे साथ अन्याय हुआ है। जिसे महापौर बनाया गया है वो हमारी सहमति से नहीं है। लेकिन केंद्र व राज्य में महायुति का पालन हमने यहां भी किया है। ऐसे बयानों से ऐसा लग रहा है कि आने वाले समय में दोनों ही पक्ष में महाभारत हो सकती है। क्योंकि असली महाभारत तो चेयरमैन के चुनाव में होगी।

उल्हासनगर मनपा के खजाने की चाबी माने जाने वाले स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन पद के लिए सीनियर लेवल पर लॉबिंग शुरू हो गई है। मेयर का पद कालानी ग्रुप के पास जाने से इस बात की संभावना है कि शिंदे सेना के किसी वफादार को स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन का पद मिल जाएगा। लेकिन सबसे बड़ी पार्टी बनी भाजपा भी अपना दावा इस मुख्य पद पर ठोकेगी।

### इनके नाम पर हो रही है चर्चा

भाजपा के पूर्व नगरसेवक जमनू पुरस्वानी, प्रकाश मखीजा, महेश सुखरामानी, राम चार्ली अपने समर्थकों के साथ BJP छोड़कर शिवसेना में शामिल हो गए थे। उस समय शिंदे सेना ने संकेत दिया था कि उन्हें स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन का पद दिया जाएगा। जमनू पुरस्वानी, जया प्रकाश मखीजा और महेश सुखरामानी ने जीत हासिल कर ली है। इनमें से जया प्रकाश माखीजा, शिंदे सेना के वरिष्ठ नगरसेवक राजेंद्र चौधरी, राजेंद्र सिंह भुल्लर और अरुण आशान स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन पद के लिए चर्चा में हैं।

### क्या 50-50 का फॉर्मूला होगा?

अब जबकि भाजपा व शिवसेना महायुति के तहत सत्ता में साथ ऐसे में आगामी प्रमुख सभापति चुनाव के लिए अभी से ही दोनों ने अपना दबाव डालना शुरू कर दिया है। महापौर का पद शिवसेना की अश्विनी निकम और उपमहापौर का पद भाजपा के अमर लुंड को मिलने के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि उनका कार्यकाल कितना होगा। ढाई वर्ष का अथवा सवा साल का क्योंकि भाजपा व शिवसेना दोनों के पास दावेदारों की कमी नहीं है। वरिष्ठ नेताओं ने अब तक सभापति पदों का बंटवारा नहीं है लेकिन सत्ता में 50–50 का फॉर्मूला होगा ऐसा समझा जा रहा है।

# उल्हासनगर की 15वीं महापौर बनेगी अश्विनी निकम



■ **3 फरवरी को संभालेंगी कामकाज**

**उल्हासनगर.** म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन बनने के बाद हुए चुनाव में गणेश चौधरी पहले महापौर बने थे और तब से अब तक दो पुरुष महापौर को छोड़कर 11 महिलाएं महापौर चुनी जा चुकी हैं. चार साल बाद हुए चुनाव में इस साल अश्विनी कमलेश निकम के खिलाफ किसी ने नॉमिनेशन फाइल नहीं किया है, इसलिए उनका महापौर चुना जाना तय है. इसलिए, अश्विनी निकम उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के इतिहास में 15वीं महापौर बन गई हैं और वह 12वीं महिला महापौर होंगी.

महापौर का पद OBC जनरल के लिए रिजर्व होने की वजह से शिवसेना के पास वरिष्ठ नगरसेवक राजेंद्र चौधरी, उनकी पत्नी राजश्री चौधरी, सोनू पाटील, एवं चानपुर, इंदिरा शिवसेना की ओर से चुनावी अखाड़े में उतरे ओमी कालानी के टीओके दोस्ती का गठबंधन की डिंपल ठाकूर, अश्विनी निकम आदि नाम स्पर्धा में थे.

इस तरह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने दोस्ती का गठबंधन में टीओके के प्रवक्ता कमलेश निकम की पत्नी अश्विनी निकम के नाम को महापौर पद के लिए मंजूरी दी है। इसके अनुसार, अश्विनी निकम 3 फरवरी को महापौर का पद संभालेंगी।

### महापौर का कार्यकाल...

पहले गणेश चौधरी का कार्यकाल 5–4–1997 से 6–4–1998 तक, यशस्विनी लवू नाइक 6–4–1998 से 20–4–1999 तक, कुमार ऐलानी 20–4–1999 से 3–5–1999 तक, हरदास मखीजा 3–5–1999 से 5–4–2002 तक, मालती राधाचरण करोतिया 5–4–2002 से 20–2–2005 तक, ज्योति सुरेश (पप्पू) कलानी 21–2–2005 से 4–4–2007 तक, लीलाबाई लक्ष्मण आशान 5–4–2007 से 1–9–2008 तक, विद्या विजय निर्मले 29–9–2008 से 4–12–2009 तक, राजश्री राजेंद्र चौधरी 4–12–2009 से 4–4–2012, आशा राजू (जीवन) इदनानी 4–4–12 से 4–10–2014, अपेक्षा विकास पाटिल 4–10–2014 से 4–4–2017, मीना कुमार ऐलानी 5–4–17 से 4–9–2018, पंचम ओमी कलानी 28–9–2018 से 22–11–2019, लीलाबाई आशान 2019 से 2022 और इस बार अश्विनी कमलेश निकम 3 फरवरी से। इन 15 में से 8 शिवसेना के महापौर हैं, जिनमें कांग्रेस के 2, BJP के 3, साई पक्ष का 1 और नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी का 1 महापौर शामिल है।

# BJP जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण



■ **मोदी सरकार के काम करने के तरीके की तारीफ़**

**उल्हासनगर.** केंद्र की BJP सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण उल्हासनगर में BJP जिला कार्यालय में उत्साहपूर्ण माहौल में देखा गया। इस मौके पर MLA कुमार ऐलानी और BJP जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया मौजूद थे।

जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बजट पेश किया, तो सभी BJP नगरसेवक, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उल्हासनगर में BJP जिला कार्यालय में इकट्ठा हुए और सीधा प्रसारण देखा। कार्यकर्ताओं ने बजट के हर प्रावधान को ध्यान से सुना और इसे देशहित में ऐतिहासिक बताया।

MLA कुमार ऐलानी ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करता है। यह बजट समाज के सभी वर्गों - किसानों, महिलाओं, युवाओं, मध्यम वर्ग और उद्यमियों के सशक्तिकरण को साफ तौर पर दिखाता है। उन्होंने बजट को देश की आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मज़बूत कदम बताया। फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण और प्राइम मिनिस्टर नरेंद्र मोदी का शुक्रिया अदा करते हुए MLA कुमार ऐलानी ने कहा कि मोदी सरकार हमेशा जनता के हित को केंद्र में रखकर फैसले लेती रही है और यह बजट उसी सोच का सबूत है।

# भावुक हुए भारत गंगोत्री, कहा - दादा के कारण यहां तक पहुंचा

■ **स्व. अजित दादा पवार की श्रद्धांजलि सभा में सर्वपक्षीय नेता आए**

■ **सिंधु भवन में उमड़े लोग**

■ **राकांपा जिलाध्यक्ष भारत गंगोत्री द्वारा सभा का आयोजन**

■ **उपमुख्यमंत्री अजित पवार को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि**





**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार के बारामती में हुए विमान हादसे में आकस्मिक निधन से संपूर्ण महाराष्ट्र सहित देशभर में शोक की लहर है। उनके असामयिक निधन से राजनीतिक, सामाजिक और जनजीवन में गहरा सन्नाटा छा गया है। इसी क्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, उल्हासनगर जिला अध्यक्ष भरत गंगोत्री की ओर से शनिवार, दिनांक 31 जनवरी को शाम 5.30 बजे से 7 बजे तक कैंप-3 स्थित सपना गार्डन के पास सिंधुभवन में एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान भरत गंगोत्री अत्यंत भावुक हो गए। मंच से अपने विचार रखते समय वे कुछ क्षणों के लिए स्वयं को संभाल नहीं सके। भरत गंगोत्री ने कहा कि वे आज राजनीति में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं, वह अजित पवार के मार्गदर्शन और आशीर्वाद का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि अजित पवार उनके लिए केवल एक नेता नहीं, बल्कि राजनीतिक जीवन के मार्गदर्शक और प्रेरणास्त्रोत थे। उनका साया और आशीर्वाद सदैव साथ रहा, जिसने उन्हें आगे बढ़ने की ताकत दी। सभा में वक्ताओं ने अजित पवार के जनसेवा, किसान हितैषी सोच और युवाओं को दिशा देने वाले नेतृत्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि महाराष्ट्र ने एक ऐसा नेता खो दिया है, जिसकी स्पष्ट सोच, निर्भीक निर्णय और जनसरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा याद की जाएगी।

### नम आंखों से अर्पित की गई श्रद्धांजलि

इससे पूर्व सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक भावुक संदेश में भरत गंगोत्री ने 28 जनवरी 2026 को महाराष्ट्र के लिए एक 'काला दिन' बताते हुए लिखा कि एक क्षण के हादसे ने न केवल एक बड़े नेता को छीन लिया, बल्कि कई परिवारों के सपनों को भी राख में बदल दिया। उन्होंने अजित पवार को किसान का साथी, युवा का मार्गदर्शक और आम कार्यकर्ता का संबल बताते हुए कहा कि उनकी मुस्कान, आवाज़ और आत्मीयता हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगी। श्रद्धांजलि सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से अजित पवार को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की।

### टंकी से मानव अवशेष मिले

**वसई.** नौपाड़ा इलाके में एक पानी की टंकी से मानव अवशेष मिले हैं। बताया जा रहा है कि यह पानी की टंकी काफी समय से बंद पड़ी हुई थी। यहां इलाके में इमारत की मरम्मत का काम चल रहा था। इसी दौरान जब पानी की टंकी तोड़ी जा रही थी तो टंकी के अंदर से मानव कंकाल बरामद हुए।

# अंबरनाथ में 600 से ज्यादा रक्त यूनिट संकलन

## रक्तदान शिविर को जोरदार प्रतिसाद



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ एमआईडीसी आनंद नगर में शनिवार को ब्लड डोनेशन कैम्प में 600 से ज्यादा रक्त यूनिट जमा किया गया, जो कि एक रिकार्ड है. निकुंज कांतिलाल गडा की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर मेडीओन हेल्थकेयर कंपनी के संचालक, कर्मचारी, आमा संगठन, मेलोग इंडिया, तरुण मित्र मंडल की टीम ने कठोर परिश्रम करके 600 से ज्यादा रक्त यूनिट जमा किया है. इस कैम्प में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर, आमा अध्यक्ष उमेश तायडे ने हाजिरी लगाकर कंपनी कर्मचारियों, तरुण मित्र मंडल द्वारा किए गए इस नेक काम की सराहना की. गत वर्ष भी निकुंज गडा की पुण्यतिथि पर 400 से ज्यादा रक्त संकलन किया गया था. समाजसेवक एवं उद्योजक निकुंज गडा का चार वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में निधन हो गया था. उनको श्रद्धांजलि देने के लिए हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है. उप नगराध्यक्ष सदाशिव पाटिल, शिवसेना गट नेता रवि करंजुले, समाजसेवक सोरखादे ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराया. परेश भाई शाह, मयूर, विसरया, हंसमुख हरिया, ट्रैफिक के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कांबले ने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई. अंबरनाथ में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर लोगों ने रक्तदान किया है. ऐसा हंसमुख हरिया ने कहा है. 8 ब्लड बैंक के कर्मचारियों ने रक्त संकलित किया है, ऐसा बताया गया है.

### आडिवली–भुतवली में भीषण आग

**नवी मुंबई.** आडिवली–भुतवली परिसर में रविवार को अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार यह आग अवैध रूप से बनाए गए एक गोदाम में लगी है। गोदाम में रखे गैस सिलेंडरों के कई बॉटल में आग फैलने से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंच गया और आग पर काबू पाने का प्रयास तेज़ी से जारी है। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई दे रही थीं, जिससे स्थानीय नागरिकों में दहशत का माहौल है। फिलहाल किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन ने एहतियातन आसपास के इलाके को सतर्क रहने की अपील की है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है, वहीं अवैध गोदाम को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

# शहर में पेट्रोल चोरी का गैंग सक्रिय

■ **नशेड़ी बेवजह कर रहे वाहनों का नुक़सान**

■ **उल्हासनगर 1 में दुपहिया वाहनों का नुक़सान**

■ **नशेड़ियों पर कार्रवाई की मांग**

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में दो अज्ञात लोगों के खिलाफ एक्टिवा को नुकसान पहुंचाने और उसमें से पेट्रोल चोरी का मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत करने वाले राहुल लालचंद अचरा उल्हासनगर 1 स्थित बैरक नंबर 50 के पास रहते हैं। उनके मुताबिक, 31 जनवरी को सुबह 10 बजे से पहले वो अपनी एक्टिवा MH 05 ET 3934 और MH 05 FH 5019 को हमेशा की तरह अपने घर के सामने पार्क करके घर गए थे। पास में लगे सीसीटीवी के अनुसार पता चला कि अज्ञात लोगों ने जानबूझकर एक्टिवा के पेट्रोल का कॉक तोड़कर उसमें से पेट्रोल चोरी किया है और वाहन को भी नुकसान पहुंचाया है। इस घटना की शिकायत उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है और पुलिस आगे की जांच कर रही है। इलाके में इस तरह की घटनाएं गुंडों और नशेड़ियों द्वारा बढ़ रही हैं, जिससे नागरिकों में चिंता का माहौल बन रहा है। ऐसे नशेड़ियों पर कार्रवाई की मांग पुलिस से की गई है।

# महापौर कार्यालय का रेनोवेशन

■ **काम जल्द पूरा करने की कोशिश**





**उल्हासनगर.** 2022 में उल्हासनगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के भंग होने के बाद पिछले चार साल से बंद पड़े महापौर कार्यालय के रेनोवेशन का काम तेज़ी से शुरू हो गया है। शिवसेना के टिकट पर मेयर पद के लिए चुने गए और उनके खिलाफ किसी ने नॉमिनेशन पेपर फाइल नहीं किया, अश्विनी कमलेश निकम 3 फरवरी को मेयर हॉल में कुर्सी पर बैठेंगी। उससे पहले, 2 फरवरी की शाम तक यह काम पूरा करने के लिए कॉन्ट्रैक्टर के आदमियों को कड़ी मेहनत करनी होगी। 2019 से 2022 तक महाविकास आघाड़ी में शिवसेना की लीलाबाई आशान शिवसेना की मेयर थीं। 2017 में म्युनिसिपल चुनाव हुए थे। इस हिसाब से, पांच साल बाद 2022 में चुनाव का बिगुल बजने की उम्मीद थी। लेकिन, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन भंग होने और एडमिनिस्ट्रेटिव रूल लगने के बाद से चार साल तक चुनाव नहीं हुए। अब 15 जनवरी 2026 को चुनाव हुए और महायुति सत्ता में आ गई है।

इसके अनुसार, मेयर पद के लिए शिवसेना के अश्विनी निकम और डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा के अमर लुंड के नाम कन्फर्म हो गए हैं और मेयर ऑफिस का रेनोवेशन शुरू हो गया है।

यह काम महानगर पालिका के कॉन्ट्रैक्टर सोनू खटवानी कमिश्नर मनीषा आव्हाले के आदेश और एडिशनल कमिश्नर किशोर गवस के मार्गदर्शन में सिटी इंजीनियर हनुमंत खरात, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीलेश शिरसाठे, डिप्टी इंजीनियर संदीप जाधव की देखरेख में कर रहे हैं।

# अंबरनाथ नपा पे एंड पार्क को आधुनिक बनाने की पहल

■ **पार्किंग की सुविधा नहीं होने से सड़क किनारे पार्क की जाती हैं गाड़ियां**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में पे एंड पार्क के लिए कोई मॉडर्न सुविधा नहीं होने के कारण, शहर में जगह-जगह सड़क के किनारे दोपहिया और चारपहिया वाहन पार्क करने से न केवल ट्रैफिक में रुकावट आती है, बल्कि नगर पालिका को आर्थिक नुकसान भी होता है। नए चुने गए नगरसेवक अभिजीत करंजुले ने कहा कि नगर पालिका की ओर से अंबरनाथ शहर में एक मॉडर्न पे एंड पार्क बनाने की पहल करेंगे।

शहर के पूर्वी हिस्से में, रेलवे स्टेशन के पास, नगर पालिका का वाई.एम. चव्हाण नामका एक ओपन थिएटर था। यह थिएटर लगभग 1978 में पूर्व महापौर दादासाहेब नलावड़े की पहल पर बनाया गया था। हालांकि, 2005 में नए तैयार किए गए शहर के विकास प्लान में इस थिएटर की जगह पर पार्किंग रिज़र्वेशन किया गया था। उस समय, इस रिज़र्वेशन पर किसी ने आपत्ति नहीं जताई, इसलिए यह वैसा ही रहा।

पूर्व महापौर सुनील चौधरी ने पार्किंग रिज़र्वेशन के कारण इस जगह पर मल्टी-स्टोरी पार्किंग बिल्डिंग बनाने का फ़ैसला किया था, लेकिन यह बिल्डिंग पिछले दस सालों से आधी-अधूरी हालत में है. हालाँकि इस बिल्डिंग में नगर पालिका का पे एंड पार्क चल रहा है। लेकिन सुविधाओं की कमी के कारण, इस जगह पर और गाड़ियाँ पार्क नहीं की जा सकतीं। फिर भी, नगर पालिका को इससे सालाना लगभग एक करोड़ रुपये की इनकम होती है। इसलिए, अगर इस बिल्डिंग को अपडेट किया जाता है, तो इस जगह पर और गाड़ियाँ पार्क होने से सड़क पर ट्रैफ़िक जाम नहीं होगा और नगर पालिका की इनकम भी बढ़ेगी।

शहर में पार्किंग एक बड़ी परेशानी है। लेकिन, जल्द ही महापौर और नगर निगम के अधिकारियों के साथ नगर निगम में मॉडर्न पे एंड पार्किंग सुविधा बनाने के लिए मीटिंग की जाएगी और पार्किंग की समस्या का समाधान किया जाएगा और जल्द ही लोगों को मॉडर्न पे एंड पार्क सुविधा मिलेगी।

**– अभिजीत करंजुले-पाटिल**
नगरसेवक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास — संपादकीय

## क्या सच में गरीबी कम हुई है?

देश में सबसे निचले तबके की पांच से दस फीसद आबादी के उपभोग व्यय में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यानी इस वर्ग के लोग अपनी जरूरत के लिए विभिन्न वस्तुओं की खरीद पर अब ज्यादा खर्च करने लगे हैं। यह इस बात का संकेत है कि गरीबों की माली हालत में सुधार हुआ है। संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में गरीबी का दायरा कम होने की यह तस्वीर उकेरी गई है। इसमें कहा गया है कि सरकार के सबसिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय को प्राथमिकता जैसे कदमों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्ग अभाव से उबरे हैं।

यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तस्वीर बदली है। मगर सवाल है कि गरीबी से उबरने का आकलन करने के पैमाने क्या हैं? क्या इस प्रक्रिया में सिर्फ वस्तुओं की खरीद पर खर्च बढ़ने को आधार बनाना काफी है? समीक्षा में आंकड़ों के आधार पर कहा गया है कि देश में उपभोग असमानता में कमी आई है, मगर क्या वास्तव में इसे गरीबी कम होने का सूचक माना जा सकता है?

आर्थिक समीक्षा रपट के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच समाज के सबसे निचले वर्ग के प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। तर्क दिया गया है कि सरकारी नीतियों का आय वितरण पर महत्त्वपूर्ण असर हुआ है, जिससे गरीब तबके की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है। मगर इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि जिसे 'व्यय की क्षमता' बढ़ने के रूप में देखा जा रहा है, उसका आधार क्या है। इसमें दोराय नहीं कि सामान्य तौर पर किसी भी परिवार के खर्च करने की क्षमता में तभी इजाफा होता है, जब उसकी आमदनी में बढ़ोतरी होती है।

इसके बिना अगर गरीब परिवारों का वस्तुओं की खरीद पर व्यय बढ़ रहा है, तो यह महंगाई और मजबूरी से उपजी परिस्थितियों का नतीजा भी हो सकता है। जाहिर है, जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती है, वैसे-वैसे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर हर किसी को ज्यादा खर्च करना पड़ता है। आमदनी बेहद कम होने और किसी वस्तु की अत्यधिक जरूरत पड़ने पर गरीब परिवार बैंक या साहूकार से कर्ज लेकर भी खर्च करते हैं। इस सूरत में ऐसे परिवारों के व्यय में बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है, पर क्या इसे यह मान लिया जाए कि वे गरीबी से उबर गए हैं!

# एक बार फिर चर्चा में आए भारतीय स्टार्टअप्स

गणतंत्र दिवस 2026 की परेड कई मायनों में ऐतिहासिक रही, लेकिन कर्तव्य पथ पर सबसे अधिक ध्यान कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) की झांकी ने खींचा। इस झांकी ने दुनिया को दिखाया कि भारत का युवा अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि निर्माता है। झांकी में प्रदर्शित स्वदेशी हाइब्रिड यूएवी 'जोल्ट' और 'टेथर्ड' ड्रोन प्रणालियों ने न केवल देश की सैन्य शक्ति को गौरवान्वित किया, बल्कि भारतीय स्टार्टअप्स की उस अदम्य क्षमता का भी लोहा मनवाया, जो पिछले एक दशक में फली-फूली है। गणतंत्र दिवस की परेड में स्टार्टअप्स की इस भागीदारी ने यह सिद्ध कर दिया कि आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं, बल्कि धरातल पर उतरता सच है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2026 के पहले 'मन की बात' में इन स्टार्टअप्स का विशेष जिक्र करना दर्शाता है कि आने वाला दशक 'इनोवेशन' और 'एंटरप्रेन्योरशिप' (नवाचार और उद्यमिता) का ही होगा और अब भारत एक 'फ्यूचर रेडी वर्कफोर्स' (भविष्य के लिए तैयार कार्यबल) का केंद्र बनने के लिए मजबूती से तैयार है।

वर्ष 2026 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। जनवरी 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की शुरुआत की थी, तब लक्ष्य था भारत में नवाचार के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना। 2016 में मुट्ठी भर स्टार्टअप्स से शुरू हुआ यह सफर आज दो लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स




तक पहुंच चुका है। स्टार्टअप्स अब केवल ई-कॉमर्स या सेवाओं तक सीमित नहीं हैं, वे अब डीप-टेक और रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में कदम रख चुके हैं।

2024-26 के बीच इस क्षेत्र में सबसे अधिक 'सूनिकार्न' (भावी यूनिकॉर्न) देखे गए हैं। गणतंत्र दिवस की झांकी में 'जोल्ट' हाइब्रिड यूएवी का प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि भारत के कौशल विकास कार्यक्रमों ने युवाओं को ग्लोबल स्टैंडर्ड का इन्वेंटर बना दिया है। जोल्ट जैसे ड्रोन, जो वर्टिकल टेक-ऑफ और लंबी दूरी की उड़ान भरने में सक्षम हैं, पूरी तरह से भारतीय दिमाग की उपज हैं। इसी प्रकार टेथर्ड ड्रोन प्रणालियां घंटों तक एक ही स्थान पर हवा में रहकर निरंतर डाटा प्राप्त कर सकती हैं, जो सीमाओं की निगरानी के लिए क्रांतिकारी हैं।


### आर्थिकी और रोजगार का नया इंजन

संदेश स्पष्ट है कि भारत का स्टार्टअप मिशन अब रोजगार और अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुकी है। स्किल इंडिया के तहत प्रशिक्षित युवाओं ने स्टार्टअप शुरू किए हैं, जिससे पिछले दशक में 21 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए। इसने नवाचार का लोकतंत्रीकरण भी किया है। अब नवाचार केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा; 'जोल्ट' जैसी तकनीकों के पीछे टियर-2 और टियर-3 शहरों के प्रतिभावान इंजीनियरों का हाथ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी 'मन की बात' में इस पर विशेष जोर दिया था कि स्टार्टअप अब केवल दिल्ली-बेंगलुरु जैसे महानगरों तक सीमित नहीं हैं। आज 45% से 50% स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से आ रहे हैं। छोटे शहरों के युवा अब खेती (एग्री-टेक), शिक्षा (एड-टेक) और स्वास्थ्य (हेल्थ-टेक) जैसे क्षेत्रों में तकनीक के माध्यम से स्थानीय समस्याओं के समाधान खोज रहे हैं।

### जोखिम को लेकर बदला नजरिया

भारत आज दुनिया के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभर चुका है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टार्टअप इंडिया पहल की शुरुआत की थी, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि मात्र एक दशक के भीतर भारतीय युवा 'जॉब सीकर' (नौकरी मांगने वाला) से 'जॉब क्रिएटर' (नौकरी देने वाला) बनने की दिशा में इतनी लंबी छलांग लगाएगा। स्टार्टअप इंडिया ने उनमें 'फेलियर' (असफलता) के डर को खत्म कर 'रिस्क' (जोखिम) लेने के साहस को सम्मान दिया है।




**हम चाहे इसे पहचानें या नहीं, लेकिन प्रभु ही वो धागा हैं जो हमारे जीवन की बुनाई में पिरोए हुए हैं।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**


स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# नए भाजपा अध्यक्ष के निर्वाचन का संदेश

इस 20 जनवरी को भाजपा के इतिहास में एक नए युग की शुरुआत हुई, जब राष्ट्रीय राजनीति में अज्ञात से नितिन नवीन देश की सबसे बड़ी पार्टी के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। अपने पूर्ववर्ती अध्यक्ष जेपी नड्डा से वे 20 वर्ष छोटे हैं और अब तक भाजपा के सबसे युवा अध्यक्ष हैं। यह पार्टी के रणनीतिक सोच को दर्शाता है, जो भविष्य में नेतृत्व की युवा पीढ़ी तैयार करना चाहती है और संक्रमण काल में प्रधानमंत्री मोदी जैसे वरिष्ठ-अनुभवी तथा नितिन जैसे ऊर्जावान युवा की जोड़ी बनाकर सत्ता की स्थिरता से पार्टी में आने वाले ठहराव और आत्मसंतुष्टि को झकझोरना चाहती है।

पहला संदेश अपनी पार्टी के लिए ही है कि भाजपा का संगठन अपनी सरकार से ज्यादा महत्वपूर्ण है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी स्वयं नवीन के नामांकन में प्रस्तावक तथा गृहमंत्री एवं रक्षामंत्री अनुमोदक बने, जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने उन्हें पार्टी में अपना 'बास' बताते हुए कहा कि वे उनकी भी 'सीआर' लिखेंगे और जिस प्रकार अपने स्वागत-संबोधन में उन्हें अनेक बार माननीय कहकर संबोधित किया, वह यह संदेश दे गया कि युवा नवीन भाजपा के बड़े से बड़े नेताओं, मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और संगठन के सभी पदाधिकारियों के भी 'बॉस' हैं।



ऐसा केवल वही कर सकता है, जो स्वयं कार्यकर्ता से प्रधानमंत्री बना हो। सरकारें तो लोकतंत्र में आती-जाती रहती हैं, लेकिन संगठन हर झंझावात में खड़ा रहता है और रहना चाहिए। यह पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को सख्त संदेश है कि युवा नवीन को कोई भी हल्के में न ले। पार्टी नेतृत्व में यह पीढ़ीगत परिवर्तन भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को संभवतः साकार कर सकेगा। दूसरा प्रमुख संदेश पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को दिया है कि अपने कार्य, पार्टी की विचारधारा के साथ प्रतिबद्धता, दलीय कार्यसंस्कृति के प्रति समर्पण एवं जनता से जुड़ाव द्वारा वे संगठन में सर्वोच्च पद भी प्राप्त कर सकते हैं। उनका किसी जाति विशेष का होना जरूरी नहीं, किसी राजनीतिक गाडफादर की आवश्यकता नहीं–केवल 'कर्मण्येवाधिकारस्ते' अर्थात कर्म प्रधानता के मूलमंत्र का ही ज्ञान होना चाहिए। दुर्भाग्य से देश में अधिकतर पार्टियां परिवार के इर्दगिर्द घूमती हैं, अतः उनके कार्यकर्ता जनता से जुड़ने के बजाय उस परिवार और उसके मुखिया से जुड़ने को वरीयता देते हैं। उन्हें पार्टी विचारधारा के प्रति समर्पण से ज्यादा जरूरी उस परिवार के प्रति समर्पण लगता है। ऐसा न करने वाले कार्यकर्ता धीरे-धीरे उपेक्षित होकर दूसरी पार्टियों की ओर चल देते हैं। नवीन के भाजपा अध्यक्ष बनने से पार्टी कार्यकर्ताओं में एक उम्मीद जगी है, जो उन्हें सक्रियता, ऊर्जा, आशा, उत्साह और सकारात्मक सोच से ओतप्रोत कर विकसित भारत के 'संकल्प को सिद्धि' तक ले जाने में महत्वपूर्ण कारक बनाएगी।


नवीन को अध्यक्ष बना भाजपा ने तीसरा संदेश राज्य की भाजपा सरकारों को दिया है। करीब 16 राज्यों में भाजपा/राजग सरकारें है। जातिवाद, क्षेत्रीयता और वैयक्तिक प्रतिस्पर्धा के चलते पार्टियों की राज्य इकाइयों में प्रायः दलीय गुटबाजी होती है, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को संतुलित और अनुशासित करना होता है, लेकिन उससे भी जटिल मुख्यमंत्री और राज्य संगठन के शीर्ष नेतृत्व के बीच का संघर्ष होता है। मुख्यमंत्री अपने को 'बास' मानता है और प्रदेश अध्यक्ष एक आभूषणीय पद होकर रह जाता है, जो संगठन और सरकार में टकराव को जन्म देता है, जिससे चुनावों में पार्टी की विजय की संभावनाएं क्षीण हो जाती हैं।

# जब क्रिकेट खेलने उतरे जवाहरलाल नेहरू

**जरा हट के**

साल 1953 में एक ऐसा क्रिकेट मैच खेला गया, जो आज भी अपने अनोखेपन के लिए याद किया जाता है. इस ऐतिहासिक मैच में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू खुद क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरे थे. यह क्रिकेट मैच बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत कोष जुटाने के मकसद से खेला गया था, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री ने सांसदों की टीम का नेतृत्व किया था, जबकि सामने उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की टीम थी. इस मैच को देखने के लिए तब बड़ी संख्या में दर्शक मैदान में उमड़ पड़े थे.

इस मैच का दुर्लभ वीडियो हाल ही में सामने आया है, जिसे कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है. उन्होंने भारतीय क्रिकेट इतिहास के आर्काइविस्ट जय गलगली को इसका श्रेय देते हुए कहा कि पिछले नौ वर्षों से वे भारतीय



क्रिकेट के भूले-बिसरे दौर को सहेज रहे हैं और यह वीडियो बेहद अनोखी व शानदार है.

इस वीडियो में दिख रहा है कि, नेहरू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. फिर सारे सांसद सफेद क्रिकेट पोशाक में मैदान पर उतरे. दो दिवसीय इस मैच की दूसरी पारी में नेहरू ने तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष एके गोपालन के साथ मिलकर बल्लेबाजी की, जो अपने आप में एक ऐतिहासिक दृश्य था.

मैच का आनंद लेते हुए तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद और कई केंद्रीय मंत्री भी दर्शक दीर्घा में नजर आए. नेहरू की टीम ने पहली पारी 220 रन पर तीन विकेट खोकर घोषित की, जबकि उपराष्ट्रपति की टीम ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 86 रन पर दो विकेट बनाए.

गलगली के मुताबिक, दूसरे दिन जब खेल शुरू हुआ, तो सांसद एक बार फिर सफेद पोशाक में मैदान पर उतरे और इस दौरान कमेंटेटर की आवाज गूंजी 'क्रिकेट राजनीति नहीं जानता.' फुटेज में नेहरू को चौका बचाने के लिए बाउंड्री तक दौड़ते और करीबी पोजीशन में फील्डिंग करते हुए भी देखा जा सकता है. मैच के दौरान नेहरू और राधाकृष्णन दोनों ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लोगों से उदार दान देने की अपील की.

# सूजी का केक




जरा सोचिए, शाम की चाय का वक्त हो और ओवन से निकलती वो मीठी-सौंधी खुशबू पूरे घर में महक रही हो... लेकिन इस बार यह स्वाद 'गिल्ट-फ्री' है। अक्सर हम मैदा और अनहेल्दी कैलोरीज के डर से केक के टुकड़े को देख कर अपना मन मार लेते हैं। पर क्या हो अगर हम आपसे कहें कि आपकी रसोई में रखी साधारण सी 'सूजी' से भी बाजार जैसा शानदार और मखमली केक बन सकता है?

जी हां, बिना एक चुटकी मैदा के भी आप घर पर ऐसा केक तैयार कर सकते हैं जो छूने में रुई जैसा और खाने में लाजवाब हो। सबसे अच्छी बात कि इसे बनाने के लिए आपको किसी महंगे ताम-झाम की जरूरत नहीं है और यह महज एक घंटे में तैयार हो जाता है।

### सामग्री

- सूजी : 1.5 कप (बारीक वाली)
- दही : 1 कप
- चीनी : 3/4 कप (पिसी हुई)
- तेल/मक्खनः 1/2 कप



- दूधः आवश्यकतानुसार
- बेकिंग पाउडरः 1 छोटा चम्मच
- बेकिंग सोडाः 1/2 छोटा चम्मच
- फ्लेवरः वनीला एसेंस या इलायची पाउडर

### बनाने की विधि

एक बाउल में दही और चीनी को तब तक फेंटें जब तक चीनी पूरी तरह घुल न जाए। अब इसमें तेल डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

इस मिश्रण में धीरे-धीरे सूजी मिलाएं। ध्यान रहे कि गुठलियां न बनें। अब इसे 20 मिनट के लिए ढककर छोड़ दें। यह सबसे जरूरी स्टेप है क्योंकि सूजी को फूलने के लिए समय चाहिए। 20 मिनट बाद सूजी दूध/दही सोख लेगी। अगर बैटर ज्यादा गाढ़ा लगे, तो थोड़ा दूध मिलाकर इसे क्रीमी टेक्सचर की तरह बना लें। अब इसमें बेकिंग पाउडर और सोडा डालें। इसके ऊपर एक चम्मच दूध डालें ताकि वे एक्टिव हो जाएं और धीरे से मिलाएं। ग्रीस किए हुए बर्तन में घोल डालें और कड़ाही या ओवन में 30-35 मिनट तक धीमी आंच पर बेक करें।

# सिर्फ कटिंग से उगाएं ये 5 पौधे

### मिनटों में बदल दें अपने गार्डन की शक्ल

घर के गार्डन में हरियाली हो, रंगीन फूल हों और हल्की खुशबू चारों तरफ फैली हो –ये सपना लगभग हर पौधों के शौकीन का होता है, लेकिन कई लोगों को लगता है कि पौधे उगाना मुश्किल काम है, बीज डालो, इंतजार करो, फिर भी रिजल्ट पक्का नहीं. यहीं पर काम आती हैकटिंग से पौधे उगाने की ट्रिक. इसमें आपको बीज का झंझट नहीं, बस किसी हेल्दी पौधे की डंडी या पत्ती का हिस्सा लेकर उसे सही मिट्टी में लगा दें, और कुछ ही समय में नया पौधा तैयार. ये तरीका तेज भी है और भरोसेमंद भी. छोटे गमले, ग्रो बैग या बालकनी गार्डन–हर जगह ये तरीका बढ़िया चलता है, अगर आप भी कम मेहनत में गार्डन को हरा–भरा बनाना चाहते हैं, तो नीचे बताए गए पांच पौधे आपके लिए परफेक्ट हैं. ये सभी कटिंग से आसानी से उग जाते हैं और घर की खूबसूरती कई गुना बढ़ा देते हैं.



### 1. गुड़हल

गुड़हल ऐसा पौधा है जो ज्यादातर लाल फूलों में दिखता है, लेकिन इसके और भी रंग मिलते हैं. इसे लगाने के लिए सेमी हार्डवुड या सॉफ्टवुड कटिंग बढ़िया रहती है. करीब 5-6 इंच लंबी डंडी काटकर नीचे की पत्तियां हटा दें और इसे हल्की, पानी निकलने वाली मिट्टी में लगा दें. मिट्टी नम रहे, लेकिन पानी जमा न हो. 3-4 हफ्तों में जड़ें बनने लगती हैं. धूप इसे बहुत पसंद है, इसलिए इसे ऐसी जगह रखें जहां रोज कुछ घंटों की धूप मिले.

### 2. जेड प्लांट

मोटी, चमकदार पत्तियों वाला जेड प्लांट घर की शोभा बढ़ाने वाला सक्युलेंट है. इसकी कटिंग लगाते वक्त एक जरूरी बात ध्यान रखें-डंडी काटने के बाद तुरंत मिट्टी में न लगाएं. पहले 2-3 दिन हवा में सूखने दें, ताकि कट वाला हिस्सा सख्त हो जाए. इससे सड़न नहीं होगी. फिर इसे सूखी और रेतीली मिट्टी में लगा दें. ज्यादा पानी देने की जरूरत नहीं, वरना जड़ें खराब हो सकती हैं. ये पौधा रोशनी में तेजी से बढ़ता है.

### 3. स्नेक प्लांट

अगर आप कम देखभाल वाला पौधा चाहते हैं, तो स्नेक प्लांट बेस्ट है. इसे पत्तियों की कटिंग या छोटे ऑफशूट से उगाया जा सकता है. एक लंबी पत्ती को टुकड़ों में काटकर मिट्टी में सीधा खड़ा लगा दें. कुछ समय बाद जड़ें बन जाएंगी. ये पौधा घर के अंदर भी आराम से बढ़ता है और हवा को साफ रखने में भी मदद करता है. ज्यादा पानी देना इसकी सबसे बड़ी दुश्मनी है.

### 4. डहेलिया

डहेलिया अपने बड़े और रंगीन फूलों की वजह से गार्डन का स्टार माना जाता है. इसे ग्रीनवुड कटिंग से उगाया जा सकता है. हेल्दी शाखा से कटिंग लेकर इसे पोषक मिट्टी में लगाएं. धूप और हल्की नमी इसे पसंद है. सही देखभाल मिले तो कुछ ही महीनों में बड़े फूल खिलने लगते हैं. गमलों में भी ये अच्छी ग्रोथ दिखाता है.

### 5. गुलदाउदी/मम्स

सर्दियों में खिलने वाले ये फूल गार्डन को चमका देते हैं. नई और नरम शाखा से कटिंग लें. नीचे की पत्तियां हटाकर इसे पॉटिंग मिक्स में लगा दें. मिट्टी हल्की नम रखें और तेज धूप से थोड़ी बचाकर रखें जब तक जड़ें न बन जाएं. बाद में ये पौधा खूब फूल देता है.

### सफल कटिंग के लिए छोटे टिप्स

- हमेशा हेल्दी पौधे से कटिंग लें
- साफ ब्लेड या कैंची का इस्तेमाल करें
- मिट्टी ढीली और पानी निकालने वाली हो
- शुरू में हल्की छांव में रखें
- ज्यादा पानी देने की गलती न करें

# आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार में वृद्धि होगी। संपत्ति के बड़े सौदे हो सकते हैं। बड़ा लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। प्रमाद से बचें। दूरदर्शिता एवं बुद्धिमानी से कई रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। खर्चों में कमी करना होगी। व्यापार में सही निर्णय नहीं लेने से हानि हो सकती है।

**वृषभ** : राजकीय सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। थकान रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद से बचें। नए कार्यों में लाभ होने की संभावना है। परिवार की तरक्की होगी। आपको अपने कर्म पर विश्वास रखते हुए कार्य करना चाहिए।

**मिथुन** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। दिन प्रतिकूल रह सकता है। सामाजिक स्तर में परिवर्तन एवं प्रतिष्ठा को लेकर चिंतित रहेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा। अधिक लोभ-लालच न करें।

**कर्क** : शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। थकान रहेगी। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है। माता-पिता का स्वास्थ्य ठीक रहेगा। दिन प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। व्यापार में लाभ की स्थिति बनेगी। रुका पैसा प्राप्त होने के योग हैं।

**सिंह** : रुके कार्य पूर्ण होंगे। मेहनत सफल रहेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन होगा। बड़े लोगों से भेंट होगी, जिसका लाभ भविष्य में मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। आलस्य से बचकर रहें।

**कन्या** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। जोखिम न लें। आवास संबंधी समस्या रहेगी। रचनात्मक कामों का प्रतिफल मिलेगा। पूर्व में किए गए कार्यों का शुभ फल प्राप्त हो सकेगा। स्वाध्याय में रुचि बढ़ेगी।

**तुला** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता बनी रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखना चाहिए। श्रम अधिक करना होगा। आपके कार्यों की समाज एवं परिवार में आलोचना हो सकती है। व्यापार सामान्य चलेगा।

**वृश्चिक** : चोट व दुर्घटना से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। आर्थिक समस्या रह सकती है। नए कामों में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। खर्च का बोझ बढ़ेगा।

**धनु** : पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबरें मिलेंगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। पारिवारिक वातावरण सहयोगात्मक रहेगा। आपकी बुद्धिमानी से समस्याओं का समाधान संभव है। सुख-समृद्धि बढ़ेगी।

**मकर** : योजना फलीभूत होगी। घर-बाहर पूछ-परख बढ़ेगी। कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ने से व्यापारिक लाभ अधिक होने के योग हैं। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी एवं लापरवाही से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ।

**कुंभ** : राजकीय सहयोग मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। अध्यात्म में रुचि रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। राज्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में उचित लाभ हो सकेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। जीवनसाथी की उन्नति सामाजिक सम्मान को बढ़ाएगी।

**मीन** : फालतू खर्च होगा। तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति कमजोर रहेगी। मित्रों की मदद से महत्वपूर्ण कार्य पूरे होने के आसार हैं। साझेदारी में नए प्रस्ताव मिलेंगे।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मैं कितनी उम्र तक जिंदा रहूंगा?

### नाखून में छिपा इसका जवाब
### जानें नेल्स से कैसे है सेहत का कनेक्शन

नाखुन के आपके सेहत से जुड़े कई राज खोलते हैं. हाल ही में इसका खुलासा एक स्टडी में हुआ है. आप नाखुन को देखकर पता कर सकते हैं कि आपके शरीर के अंदर क्या समस्या चल रही है. इतना ही नहीं इससे आप कितने समय तक जिंदा रहेंगे ये भी जान सकते हैं.

हार्वर्ड के जाने-माने जेनेटिसिस्ट डॉ. डेविड सिंक्लेयर, जो एजिंग पर रिसर्च कर रहे हैं, बताते हैं कि 30 साल की उम्र के बाद अगर नाखून तेजी से बढ़ते हैं और उन्हें बार-बार ट्रिम करने की जरूरत पड़ती है, तो इसका मतलब है कि आपके अंग दिल, लिवर, किडनी, फेफड़े और स्किन ठीक से काम कर रहे हैं. दूसरी ओर, नाखूनों का धीरे-धीरे बढ़ना अंदरूनी एजिंग का संकेत हो सकता है.

यह कोई अंदाजा नहीं है. 1979 से सैकड़ों लोगों पर हुई स्टडीज में पाया गया कि 30 साल की उम्र के बाद, नाखूनों की ग्रोथ हर हफ्ते लगभग 0.5% धीमी हो जाती है. 30 साल की उम्र तक नाखून तेज़ी से बढ़ते हैं, फिर उम्र के साथ स्वाभाविक रूप से धीमे हो जाते हैं. इस उम्र के बाद तेजी से बढ़ना एक अच्छा हेल्थ सिग्नल हो सकता है.

डॉ. सिंक्लेयर इसे कैसे ट्रैक करते हैं- डॉ. सिंक्लेयर लंबी उम्र का अंदाजा लगाते समय अपने नाखूनों पर खास ध्यान देते हैं. वह देखते हैं कि वह कितनी बार अपने नाखून काटते हैं और दो बार नाखून काटने के बीच के गैप पर नजर रखते हैं. कम गैप अच्छे ऑर्गन हेल्थ और धीमी अंदरूनी एजिंग का संकेत देता है.

**नाखूनों की वृद्धि को प्रभावित करने वाले कारकः** उम्र बढ़ने के साथ-साथ रक्त संचार धीमा हो जाता है, जिससे नाखूनों तक पोषक तत्वों की पहुंच कम हो जाती है. पोषण, हार्मोन और जीवनशैली की आदतें भी वृद्धि को प्रभावित करती हैं. किशोरावस्था या गर्भावस्था के दौरान तीव्र वृद्धि शरीर की उच्च पोषक तत्वों की आवश्यकता को दर्शाती है.

नाखून सिर्फ उम्र ही नहीं बताते; वे संभावित कमियों या बीमारियों का संकेत भी दे सकते हैं. जवान लोगों में गहरे निशान या धब्बे जिंक, आयरन, कैल्शियम या विटामिन A की कमी की ओर इशारा कर सकते हैं. एक्सपर्ट्स सेहत को समझने के लिए नाखूनों को देखने पर जोर देते हैं, लेकिन मेडिकल दिक्कतों के लिए हमेशा प्रोफेशनल से सलाह लें.



# वात दोष बिगड़ने से क्या होता है?


### आजमाएं आयुर्वेद के ये 5 आसान उपाय

शरीर में तीन दोष होते हैं – वात, पित्त और कफ, जिनका संतुलन जरूरी है. ये दोष शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए जिम्मेदार होते हैं. वात दोष वायु और आकाश से जुड़ा होता है, जिसका संतुलन शरीर में बिगड़ने से कई तरह की परेशानियां होने लगती है.
वात दोष शरीर में ऊर्जा के लिए जिम्मेदार है. इसका असंतुलन गति, संचार, सांस, दिल की धड़कन, त्वचा, बालों और तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है. इसलिए इसका संतुलन बहुत बहुत जरूरी है. इसे संतुलित करने के लिए आयुर्वेद में कई तरीके बताए गए हैं.

**पहला तरीका- स्नेहपानः** यदि शरीर में वात दोष बढ़ा हो तो इसे संतुलित करने के लिए आयुर्वेद में तेल का सेवन करने की सलाह दी जाती है. ऐसे में आप तिल के तेल का सेवन कर सकते हैं. तिल का तेल गर्म होता है और वात को संतुलित करता है. इसे खाने में मिलाकर लिया जा सकता है.

**दूसरा तरीका- अभ्यंगः** वात दोष बिगड़ने पर शरीर में रुखेपन की समस्या बढ़ जाती है. यह साइड इफेक्ट आपको बालों और त्वचा पर महसूस हो सकता है. ऐसे में तेल से अभ्यंग करना फायदेमंदा होता है. इससे त्वचा को पोषण मिलता है. सिर, पैर और कानों के पीछे तेल लगाएं. यह तंत्रिका तंत्र को सक्रिय करता है.

**तीसरा उपाय- स्वेदनः** पसीना



निकालें. एक्सरसाइज या योग से पसीना निकालने की कोशिश करें. इससे शरीर की ऊर्जा का प्रवाह बेहतर होता है.

**चौथा उपाय- अच्छा आहारः** इसका मतलब है ऐसी डाइट जिसमें तीन रस खट्टा, मीठा और नमकीन शामिल हो. लेकिन ध्यान रखें ये रस हेल्दी फूड्स के रूप में शामिल होने चाहिए. साथ ही इन्हें गरम खाना जरूरी है. यदि आपका वात दोष बिगड़ा हुआ है तो कोशिश करें कि आप रोजाना गरम खाना खाएं और इन रसों का ध्यान रखें. ये वात को संतुलित करने में मदद करते हैं.

**पांचवां उपाय- वेष्टनः** वात दोष के कम या ज्यादा होने पर शरीर में हड्डियों और जोड़ से जुड़ी दिक्कतें होने लगती है. ऐसे में जिस हिस्से में दर्द हो वहां गर्म पट्टी बांधें. इससे दर्द में आराम मिलेगा और वात शांत होगा.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### हाईवे पर 64 लाख की लूट मामले में ऐक्शन; इंस्पेक्टर समेत 3 सस्पेंड

**हापुड़.** पिलखुवा हापुड़ जिले के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर शनिवार दोपहर स्कूटी सवार तीन बदमाशों ने चावल-धान व्यापारी के मुनीम से हथियारों के बल पर 64 लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात से पुलिस और व्यापारियों में हड़कंप मच गया। इससे कुछ दिन पहले ही इसी हाईवे पर 80 लाख रुपये की लूट हुई थी। लूट की सूचना पर फोर्स के साथ एएसपी मौके पर पहुंचे। शाम को मेरठ रेंज के एडीजी भानु भास्कर और डीआईजी कलानिधि नैथानी भी मौके पर पहुंचे और लूट का जल्द खुलासा करने के आदेश दिए।

### प्रेमी और उसकी पत्नी ने मिलकर की प्रेमिका की हत्या, निर्वस्त्र कर झाड़ियों में फेंक दी लाश

**गोरखपुर.** यूपी के गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र में युवती की हत्या कर शव फेंके जाने के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। मुंबई की रहने वाली युवती की उसके प्रेमी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर हत्या कर दी, जबकि वारदात को अंजाम देने और शव ठिकाने लगाने में एक दोस्त ने भी साथ दिया। पहचान छिपाने के लिए युवती के सिर को ईंट से कुचला गया और उसे निर्वस्त्र कर झाड़ियों में फेंक दिया गया था। मृतका की पहचान 35 वर्षीय पूजा, निवासी मुंबई के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार पूजा और आरोपी युवक के बीच मुंबई में प्रेम प्रसंग हुआ था। दोनों ने प्रेम विवाह भी किया था। जबकि युवक की 15 साल पहले शादी हो गई थी।

### खलने लगी पत्नी से दोस्त की दोस्ती; मोबाइल में चैट देख भड़का पति, बेरहमी से मार डाला

**शाहजहांपुर.** शाहजहांपुर जिले के अल्हागंज के गांव रावतपुर में शुक्रवार देर रात एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह पंचायत सचिवालय भवन के बरामदे में खून से लथपथ शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि मृतक गांव के अनीश की पत्नी से दोस्ती की कोशिश कर रहा था।

# निर्मला सीतारमण ने रच दिया इतिहास

### लगातार 9वीं बार पेश किया बजट

**नई दिल्ली.** केंद्रीय बजट 2026-27 पेश करते ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इतिहास रच दिया है। वह ऐसी पहली वित्त मंत्री हैं जिन्होंने लगातार नौवीं बार केंद्रीय बजट पेश किया है। वहीं इस मामले में कांग्रेस नेता पी चिदंबर दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने तीन दशकों में 9 बार केंद्रीय बजट पेश किया था। अगर सबसे ज्यादा बार बजट पेश करने की बात करें तो यह रिकॉर्ड मोरारजी देसाई के पास है। अगर अगले साल भी निर्मला सीतारण बजट पेश करती हैं तो वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई का भी रिकॉर्ड तोड़ देंगी।

इस बार के बजट ने एक और इतिहास बनाया है। भारत में पहली बार रविवार को केंद्रीय बजट पेश किया गया है। आम तौर पर इस दिन स्टॉक मार्केट और सरकारी कार्यालय बंद रहते हैं। बजट की वजह से बीएसई और एनएसई में आज भी ट्रेडिंग चल रही है। हालांकि बजट पेश होते ही शेयर मार्केट में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।

आम तौर पर अगर बजट वाले दिन रविवार पड़ जाता था तो इसे अगले दिन के लिए शिफ्ट कर दिया जाता था। 1999 में जब यशवंत सिन्हा वित्त मंत्री थे तब ऐसा ही हुआ था। हालांकि इस बार ऐसा नहीं किया गया। 1 फरवरी को रविवार होने के बाद भी बजट लोकसभा में पेश किया गया।

अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि आईटी सेवाओं के लिए सुरक्षित स्थल का लाभ उठाने की सीमा 300 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2,000 करोड़ रुपये की जा रही है वित्त मंत्री ने कहा कि शराब, स्क्रैप (कबाड़) और खनिज पर स्रोत पर कर संग्रह की दर को तर्कसंगत बनाकर दो प्रतिशत कर दिया गया है।



### सेंसेक्स ने लगाया 1546 अंकों का गोता

आज बजट में हुए एक ऐलान ने पूरे शेयर मार्केट को हलकान कर दिया। सुनामी में सेंसेक्स-निफ्टी क्रैश हो गए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1546 अंक टूटकर 80722 पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी 495 अंकों का गोता लगाकर 24825 पर। आज सेंसेक्स डे हाई 82726 से करीब 2300 अंक टूट कर 79899 पर आ गया था। एक समय निफ्टी भी दिन के निचले स्तर 24571 पर था। जबकि, डे हाई 25440 रहा।

## बजट का सबसे ज्यादा हिस्सा ट्रांसपोर्ट पर लगाएगी सरकार

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को देश का बजट पेश करते हुए कई बड़ी घोषणाएं की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने नौवें बजट में देश के परिवहन और रक्षा क्षेत्र पर सबसे अधिक पैसा लगाया है। दोनों ही क्षेत्रों पर करीब 6-6 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए भी बड़ी राशि रखी गई है।

वित्त मंत्री ने ट्रांसपोर्ट पर सबसे अधिक 5,98,520 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया है। वहीं, रक्षा क्षेत्र पर 5,94,585 रुपये खर्च किए जाएंगे। होम अफेयर्स पर 2,55,234 करोड़ खर्च होने का प्रस्ताव है। कृषि कार्यों और इससे जुड़ी गतिविधियों पर 1,62,671 करोड़ रुपये खर्च हो सकते हैं। शिक्षा पर 1,39,289 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं ऊर्जा पर 1,09,029 करोड़ रुपये और हेल्थ पर 1,04,599 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

शहरी विकास पर 85,522 करोड़, आईटी और टेलिकॉम सेक्टर पर 74560 करोड़, कॉमर्स एंड इंडस्ट्री पर 70296 करोड़, सोशल वेलफेयर पर 62362 करोड़, साइंटिफिक डिपार्टमेंट्स पर 55,756 करोड़, टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन पर 45500 करोड़, एक्सटर्नल अफेयर्स पर 22,119 करोड़, फाइनेंस पर 20,649 करोड़ और नॉर्थ ईस्ट डिवलेपमेंट के लिए 6812 करोड़ रुपये का प्रस्ताव किया गया है।

### रुपया कहां से आएगा


बजट डॉक्युमेंट्स में सरकार ने यह बताया है कि पैसा कहां से कितना आएगा और कहां कितना खर्च होगा। इसके मुताबिक बजट का 24 पर्सेंट हिस्सा सरकार उधार लेगी। 21 फीसदी हिस्सा इनकम टैक्स से और 18 पर्सेंट कॉर्पोरेशन टैक्स से आता दिख रहा है। 4 पर्सेंट कस्टम से और 6 फीसदी यूनियन एक्साइज ड्यूटीज से आएगा। नॉन-डेब्ट कैपिटल से 2 फीसदी की प्राप्ति होगी। नॉन टैक्स रेवेन्यू से 10 फीसदी और जीएसटी और अन्य टैक्सों से 15 फीसदी हिस्सा मिलने की उम्मीद है।

### रुपया कहां कितना जाएगा

इसके ब्योरे में बताया गया है कि सर्वाधिक 22 फीसदी हिस्सा राज्यों को टैक्स का हिस्सा देने में जाएगा। ब्याज देनदारी पर 20 फीसदी खर्च होगा। केंद्रीय योजनाओं पर 17 फीसदी हिस्सा खर्च होगा। बड़ी सब्सिडी पर 6 फीसदी, डिफेंस पर 11 फीसदी, केंद्र प्रयोजित योजनाओं पर 8 फीसदी पैसा खर्च होगा। सिविल पेंशन पर 2 फीसदी और अन्य मदों में 7 फीसदी पैसा लगेगा।

# पीएम मोदी ने बजट को बताया ऐतिहासिक

### बोले- आज का भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार



**नई दिल्ली.** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को संसद में बजट पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि आज का भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है। बजट से उसे नई ऊर्जा व नई गति मिलेगी। इससे आत्मनिर्भर भारत को उड़ान मिलेगी। उन्होंने कहा कि एमएसएमई को व्यापक सर्मथन इस बजट से मिला है। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए कदम उठाया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि इसमें देश की नारी शक्ति का प्रतिबिंब झलकता है। यह बजट अपार अवसरों का है राजमर्ग है। बजट पेश होने के बाद पीएम मोदी ने कहा, "जो पाथ ब्रेकिंग रिफॉर्म्स किए गए हैं, वो एस्पिरेशन से भरे हुए भारत के साहसिक, टैलेंटेड युवाओं को उड़ने के लिए खुला आसमान देते हैं। यह बजट भारत की ग्लोबल भूमिका को और मजबूत करता है। भारत के 1.4 अरब नागरिक सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने से संतुष्ट नहीं हैं। हम जल्द से जल्द दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। यह लाखों देशवासियों का संकल्प है।"

उन्होंने आगे कहा, "यह बजट भरोसे पर आधारित गवर्नेंस और इंसान-केंद्रित आर्थिक ढांचे के विजन को दिखाता है। यह एक खास बजट है जो राजकोषीय घाटे को कम करने और महंगाई को कंट्रोल करने को प्राथमिकता देता है, साथ ही ज्यादा पूंजीगत खर्च और मजबूत आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाता है।" उन्होंने कहा कि दुनिया के एक ट्रस्टेड डेमोक्रेटिक पार्टनर और ट्रस्टेड क्वालिटी सप्लायर के रूप में भारत की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

### ट्रेड डील्स पर भी बोले पीएम मोदी

पिछले दिनों यूरोपीय यूनियन और भारत के बीच हुए व्यापार समझौते पर पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही में जो बड़ी-बड़ी ट्रेड डील्स भारत ने की हैं, मदर ऑफ ऑल डील्स का अधिकतम लाभ भारत के युवाओं को मिले, भारत के लघु और मध्यम उद्योग वालों को मिले, इस दिशा में बजट में बड़े-बड़े कदम उठाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस बजट में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई रफ्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया गया है।

इस बजट में नई उभरती इंडस्ट्रीज को जिस मजबूती के साथ समर्थन दिया गया है, वह अभूतपूर्व है।

### 500 साल पुराने शिव मंदिर की खुदाई में निकला खजाना

**झांसी.** यूपी के झांसी जिले के रक्सा थाना क्षेत्र में सनसनीखेज मामला सामने आया है। करीब 500 साल पुराने धार्मिक स्थल में निर्माण के दौरान की गई खुदाई में ब्रिटिश कालीन सिक्के मिले। लोगों ने जमीन में गड़ा धन की अफवाह उड़ा दी। सूचना पर पहुंची पुरातत्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में जांच की। कुछ तांबे के सिक्कों को कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा गया है। इसे लेकर लोगों में कौतूहल रहा।

रक्सा में प्राचीन शिव मंदिर है। जो आस्था का केंद्र है। यहां निर्माण कार्य भी चल रहा था। पिछले दिनों ग्रामीण दर्शन-पूजन को गए। वहां उन्हें गहरा गड्ढा दिखा। यहां लोगों ने धन निकलने की अफवाह उड़ा दी। जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।

## अब तक का सबसे बड़ा डिफेंस बजट




**नई दिल्ली.** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से जारी तनाव और चीन के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए केंद्र की मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए रक्षा बजट में 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी करते हुए रिकॉर्ड आवंटन किया है। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में रक्षा मंत्रालय के लिए कुल 7.85 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो कुल बजट का 14.68 प्रतिशत है और पिछले वर्ष के बजट से 15 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया, जिसमें रक्षा मंत्रालय को सबसे अधिक 7.85 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि मंत्रालय को मिली यह राशि केंद्रीय बजट का 14.68 प्रतिशत है। इसका मुख्य उद्देश्य सैन्य तैयारियों को मजबूत करना, नवाचार को प्रोत्साहन देना और देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को और सुदृढ़ करना है। मंत्रालय ने इसे प्रौद्योगिकी की दृष्टि से उन्नत और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर एक निर्णायक कदम बताया है, जो 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के विजन से पूरी तरह मेल खाता है।

इस बजट में आधुनिकीकरण, प्रौद्योगिकी नवाचार और संसाधनों के बेहतर उपयोग के लिए सरल एवं प्रभावी खरीद प्रक्रियाओं पर विशेष जोर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से रक्षा बजट में लगातार वृद्धि हो रही है।

# आदिवासी को अमेरिका से बुलावा

### PhD के लिए मिली 75 लाख रुपये की स्कॉलरशिप



**जलगांव.** जलगांव जिले में एक छोटा-सा आदिवासी गांव है, जहां सिर्फ 20-25 घर हैं। यहां के ज्यादातर बच्चों का सपना केवल पढ़ाई करना ही है। इसी गांव के रहने वाले शंकर भील को अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, सैन डिएगो में एथनिक स्टडीज में पीएचडी के लिए चुना गया है। शंकर भील की इस उड़ान ने आदिवासी समाज के युवाओं के लिए प्रेरणा का काम किया है। महाराष्ट्र के जलगांव जिले के छोटे से गांव नागझीरी के रहने वाले 26 वर्षीय शंकर अरुण भील को अमेरिका से बुलाया आया है। शंकर एक ऐसे समुदाय से आते हैं, जहां शिक्षा का स्तर न के बराबर है और परिवार का जीवनयापन दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर है। शंकर को अमेरिका की इस यूनिवर्सिटी से पीएचडी करने के लिए भारी-भरकम स्कॉलरशिप मिली है। शंकर ने बताया, यूनिवर्सिटी ने मुझे नौ महीने के लिए 71,000 डॉलर की फंडिंग दी है। भारतीय मुद्रा में इस फंडिंग को बदलने पर यह राशि करीब 70 से 75 लाख रुपये बैठती है। शंकर के मुताबिक, पहले दो साल उनका कोर्स वर्क चलेगा, जिसके बाद परीक्षा और फिर शोध का काम शुरू होगा। जलगांव के रहने वाले शंकर का सफर कांटों से भरा रहा है। उनका गांव नागझीरी इतना छोटा है कि वहां मुश्किल से 20-25 घर हैं और आबादी 100 लोगों के करीब है।


### आयकर सर्वे में 4 हजार करोड़ की गड़बड़ी उजागर

**कानपुर.** कानपुर रजिस्ट्री विभाग में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट बड़ी गड़बड़ियों का खुलासा कर रहा है। जोन-4 के सर्वे में भी व्यापक स्तर पर हेराफेरी का खुलासा हुआ।

पांच घंटे की जांच में चार हजार करोड़ की विसंगतियों के साक्ष्य मिले हैं। आयकर विभाग को एक हजार करोड़ के टैक्स का झटका लगा है। संबंधित जोन के अधिकारियों को नोटिस देकर दस दिन में पक्ष रखने को कहा गया है। आयकर निदेशक के निर्देश पर रजिस्ट्री कार्यालय के जोन चार में सहायक निदेशक विमलेश राय की अगुवाई में सर्वे किया गया।

# चालान को हल्के में नहीं लें, ब्लैकलिस्ट हो जाएगी गाड़ी

### ट्रैफिक नियमों में सरकार ने किए कई बदलाव



**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार ने चालान प्रक्रिया को डिजिटल और समयबद्ध बनाकर कार ड्राइवरों व यातायात पुलिस दोनों पर नकेल कस दी है। यातायात नियमों ओवर स्पीड, सीट बेल्ट, नशा, मोबाइल पर बात करना, लाल बत्ती का उल्लघंन के एवज में होने वाले चालान का समय पर भुगतान नहीं होने पर वाहन को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इस बाबत मोटर वाहन अधिनियम 1989 में संशोधन किए थे। इस ड्राफ्ट पर हितधारकों से सुझाव-आपत्ति लेने के बाद सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 30 जनवरी को अधिसूचना जारी कर दी है।

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए नियमों के अनुसार अब चालान की अनदेखी करना वाहन मालिकों को भारी पड़ सकता है, क्योंकि समय पर भुगतान न करने पर वाहन के रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस संबंधी सभी सेवाएं रोक दी जाएंगी। अधिकारी ने बताया कि यातायात पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (एसएमएस-ईमेल) से चालान की जानकारी संबंधित व्यक्ति तक 3 दिनों के भीतर और भौतिक रूप (दस्ती) से 15 दिनों के भीतर देना अनिवार्य होगा।

नए नियम में सबसे बड़ा बदलाव यह है कि नियम 167 (12) के तहत कोई व्यक्ति तय समय सीमा के भीतर चालान का निपटान नहीं करता है तो पोर्टल पर उस वाहन को विशेष रूप में चिह्नित कर दिया जाएगा। जब तक चालान का भुगतान नहीं होता, तब तक वाहन का रजिस्ट्रेशन (आरसी) ट्रांसफर, फिटनेस सर्टिफिकेट या ड्राइविंग लाइसेंस का नवीनीकरण जैसे आवेदन आदि की प्रक्रिया नहीं की जाएगी। एक प्रकार से वाहन ब्लैक लिस्ट कर दिया जाएगा।

# भारत ने 46 रन से जीता पांचवां टी-20

### ईशान का शतक, अर्शदीप ने 5 विकेट लिए

### न्यूजीलैंड को 4-1 से सीरीज हराई




रत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से पांचवां टी-20 हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली। शनिवार को तिरुवनंतपुरम में भारत ने बैटिंग चुनी और न्यूजीलैंड के खिलाफ सबसे बड़ा स्कोर बना दिया। ईशान ने 42 गेंद पर सेंचुरी लगाई और टीम ने 271 रन का स्कोर खड़ा कर दिया।

न्यूजीलैंड ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 225 रन ही बना सकी। फिन एलन ने 38 गेंद पर 80 रन बनाए। भारत से गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह ने 5 विकेट लिए। अक्षर पटेल को 3 विकेट मिले। वरुण चक्रवर्ती और रिंकू सिंह ने 1-1 विकेट लिया।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के पांचवें मुकाबले में ईशान किशन ने बल्ले से तबाही मचा दी. 31 जनवरी (शनिवार) को तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में ईशान ने 10 छक्के और 6 चौके की मदद से सिर्फ 43 गेंदों पर 103 रन बनाए. ईशान के टी20 इंटरनेशनल करियर का ये पहला शतक रहा. ईशान को जैकब डफी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराया. ईशान किशन ने सिर्फ 42 गेंदों पर शतक पूरा किया, जो टी20 इंटरनेशनल में किसी भारतीय बल्लेबाज का पांचवां सबसे तेज शतक रहा. साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ किसी बल्लेबाज ये सबसे तेज टी20 इंटरनेशनल शतक भी था.

ईशान किशन कुल मिलाकर टी20 क्रिकेट में सात शतक लगा चुके हैं. ईशान टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर आ चुके हैं.

ईशान किशन ने अपनी शतकीय पारी के दौरान ईश सोढ़ी की जमकर खबर ली. सोढ़ी ने 12वें ओवर में कुल 29 रन खर्च किए, जिसमें 28 रन तो ईशान ने बनाए. उस ओवर में सोढ़ी ने वाइड के साथ शुरुआत की थी.

# कोलकाता में अभिनेता को मटन की जगह खिला दिया गोमांस

### मचा बवाल; मुस्लिम वेटर गिरफ्तार

कोलकाता. अभिनेता सायक चक्रवर्ती शुक्रवार रात अपने साथियों के साथ पार्क स्ट्रीट के एक मशहूर पब में डिनर करने गए थे। सायक के अनुसार, उन्होंने 'मटन स्टेक' ऑर्डर किया था, लेकिन उन्हें जो डिश परोसी गई, वह बीफ थी। सायक का दावा है कि उन्होंने अनजाने में उसका सेवन भी कर लिया। आपको बता दें कि कोलकाता के सबसे प्रसिद्ध इलाके पार्क स्ट्रीट में स्थित एक लोकप्रिय पब 'ओली' (Oly) की यह घटना है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शनिवार को वेटर को गिरफ्तार कर लिया है।

विवाद तब शुरू हुआ जब टेबल पर एक और मटन स्टेक लाकर रख दिया गया, जबकि सायक ने केवल एक ही स्टेक का ऑर्डर दिया था। जब उन्होंने वेटर से सवाल किया, तो वेटर ने दावा किया कि उन्होंने दो स्टेक एक मटन और एक बीफ का ऑर्डर दिया था। सायक का कहना है कि यह सुनकर वे दंग रह गए क्योंकि एक हिंदू ब्राह्मण होने के नाते उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची।



सायक ने इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें वे वेटर और मैनेजर से जवाब मांगते दिख रहे हैं। वीडियो में मैनेजर इसे एक गंभीर गलती बताते हुए माफी मांगते नजर आ रहे हैं। पार्क स्ट्रीट पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया और वेटर शेख नसीरुद्दीन को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 299 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

वीडियो वायरल होते ही इंटरनेट पर बहस छिड़ गई। कई यूजर्स ने सायक पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने और राजनीतिक एजेंडा चलाने का आरोप लगाया। विवाद बढ़ता देख सायक ने अपना पुराना वीडियो डिलीट कर एक नया स्पष्टीकरण जारी किया। सायक चक्रवर्ती ने अपनी सफाई में कहा, 'मेरा उद्देश्य हिंदू-मुस्लिम दंगे भड़काना नहीं है। मेरे कई मुस्लिम दोस्त हैं और मैं उनके घर ईद भी मनाता हूं। मेरी प्रतिक्रिया पूरी तरह भावनात्मक थी क्योंकि अनजाने में मेरा धर्म भ्रष्ट हुआ। मेरा किसी भी राजनीतिक दल से कोई लेना-देना नहीं है।'

सायक ने स्पष्ट किया कि उनकी नाराजगी किसी धर्म विशेष के प्रति नहीं, बल्कि रेस्टोरेंट की लापरवाही के प्रति थी। उन्होंने कहा कि रात के समय रेस्टोरेंट में भीड़ हो सकती है, लेकिन इस तरह की गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता क्योंकि भविष्य में किसी और के साथ भी ऐसा हो सकता है। कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच जारी है और रेस्टोरेंट के खाद्य नमूनों की जांच की जा सकती है ताकि आरोपों की पुष्टि हो सके।

# सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी TMC शासित बंगाल

### अमित शाह का ममता बनर्जी पर तीखा हमला

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने अपना मोर्चा खोल दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उनके शासन में बंगाल सबसे ज्यादा भ्रष्ट है। शाह यहीं नहीं रुके उन्होंने कहा कि ममता ने अपने भतीजे के प्रति स्नेह की वजह से पूरे भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है, जिसकी वजह से वह हर बार यह कहती नजर आती हैं कि यहां पर भ्रष्टाचार है ही नहीं।



बागडोगरा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'ममता दीदी कहती हैं कि कोई भ्रष्टाचार नहीं है। ममता दीदी, आपने भ्रष्टाचार को संस्थागत बना दिया है। ममता दीदी आप अपने भतीजे के प्यार में अंधी हो गई हैं, आपको भ्रष्टाचार दिखाई नहीं देता।' इसके साथ ही उन्होंने बंगाल सरकार के खिलाफ बीजेपी का हमला और तेज कर दिया।

### भाजपा का सीएम बनते ही 45 दिन में काम पूरा : शाह

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार बनाना अब केवल राजनैतिक नहीं बल्की राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला बन गया है। उन्होंने दावा करते हुए कहा, 'जिस तरह पश्चिम बंगाल में घुसपैठ हो रही है, वह पूरे देश के लिए सुरक्षा का मुद्दा बन चुका है।' उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत के आदेशों के बावजूद राज्य सरकार ने बीएसएफ को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन नहीं दी, क्योंकि घुसपैठिए टीएमसी का वोट बैंक हैं।
- शाह ने यह भी दावा किया कि राज्य प्रशासन और पुलिस अवैध प्रवासियों को नहीं रोक रही और फर्जी दस्तावेजों के जरिए उन्हें देशभर में भेजा जा रहा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने भी माना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सीमा पर बाड़ लगाने के लिए आवश्यक जमीन सौंपने में सहयोग नहीं कर रही हैं।उन्होंने कहा, 'हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार 31 मार्च तक ममता बनर्जी जमीन देती हैं या नहीं, लेकिन अप्रैल में बीजेपी का मुख्यमंत्री बनते ही 45 दिनों के भीतर सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा कर दिया जाएगा।'

# फेंकू और लपेटू बजट

### खूब बरसे सांसद शत्रुघ्न सिन्हा

**नई दिल्ली.** तृणमूल कांग्रेस (TMC) सांसद शत्रुघ्नसिन्हा ने रविवार को केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए इसे 'फेंकू और लपेटू' बजट बताया और कहा कि इसमें रोजगार, किसानों के कल्याण या देश के कर्ज पर ध्यान नहीं दिया गया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए सिन्हा ने कहा, ₹यह एक 'फेंकू और लपेटू' बजट है... यह बजट विकसित भारत के लिए नहीं है। इसमें रोजगार या देश के मौजूदा कर्ज पर ध्यान नहीं दिया गया है। केंद्र सरकार पर कई राज्यों का पैसा बकाया है। किसानों के कल्याण के लिए कौन सी योजना लाई गई? यह बजट रेटिंग के लायक नहीं है।₹



समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव ने भी केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि यह गरीबों और गांव वालों की अनदेखी करता है। उन्होंने कहा कि इससे रोज़गार पैदा नहीं होता और यह सिर्फ पांच प्रतिशत अमीर लोगों के लिए है। यादव ने एएनआई से कहा, ₹यह बजट गरीबों और गांवों में रहने वालों की समझ से परे है। इस बजट में कोई नौकरी या रोज़गार नहीं दिया गया है। बीजेपी का बजट देश के सिर्फ पांच फीसदी लोगों के लिए है।₹

## संक्षेप...

### महिला कंडक्टर से 2.01 लाख की ठगी

मुंबई. बेस्ट उपक्रम की एक महिला कंडक्टर को भारतीय नौसेना में, नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक ठग ने कथित तौर पर 2.01 लाख का चूना लगाया है. आरोपी ने खुद को नौसेना अधिकारी बताया था. पीड़िता का विश्वास जितने के लिए उसने जाली पहचान पत्र और फर्जी नियुक्ति पत्र दिखाया था. इतना ही नहीं ऑनलाइन रसीदों का भी इस्तेमाल ठगी करने के लिए किया था.

शिकायतकर्ता सारिका रोकड़े (40) बीईएसटी में कंडक्टर के पद पर कार्यरत हैं, और घाटकोपर (पश्चिम) में रहती हैं. अपनी शिकायत में उन्होंने बताया कि जून 2025 में जेजे अस्पताल बस स्टॉप पर ड्यूटी के दौरान उनकी मुलाकात विनोद गायकवाड़ नामक एक व्यक्ति से हुई थी.

# फडणवीस ने जिला परिषद-पंचायत समिति चुनाव प्रचार से लिया ब्रेक



**मुंबई.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान दुर्घटना में हुई मौत के मद्देनजर आगामी जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में प्रचार नहीं करने का फैसला किया है. अधिकारियों ने बताया कि फडणवीस ने शनिवार को यह निर्णय लिया और स्थानीय नेताओं तथा पार्टी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे सात फरवरी को होने वाले चुनावों के लिए प्रचार जारी रखें, जबकि वे खुद किसी भी चुनाव-संबंधित कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेंगे.

28 जनवरी को पुणे जिले के बारामती में एक चार्टर्ड लर्नजेट 45 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें अजित पवार सहित पांच लोगों की मौत हो गई थी. अजित पवार बारामती से चुनाव प्रचार के लिए जा रहे थे, जहां वे स्थानीय चुनावों में कई सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करने वाले थे. दुर्घटना में उनके निजी सुरक्षा अधिकारी विदिप जाधव, फ्लाइट अटेंडेंट पिंकी माली और पायलट्स सुमित कपूर तथा शंभवी पाठक भी मारे गए. राज्य सरकार ने इस घटना के बाद तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया था.

### 7 फरवरी को चुनाव होंगे

राज्य में 12 जिला परिषदों और 125 पंचायत समितियों के चुनाव सात फरवरी को होंगे. प्रचार पांच फरवरी की रात 10 बजे तक समाप्त होगा, जबकि मतगणना नौ फरवरी को होगी. राज्य निर्वाचन आयोग (SEC) ने शोक अवधि को ध्यान में रखते हुए मूल कार्यक्रम में संशोधन किया था. पहले मतदान पांच फरवरी को निर्धारित था, लेकिन अब इसे सात फरवरी कर दिया गया है.

अधिकारियों के अनुसार फडणवीस पहले सात दिनों में 22 प्रचार सभाओं को संबोधित करने वाले थे, लेकिन अजित पवार की मौत के बाद उन्होंने सभी रद्द कर दिए. फडणवीस ने अजित पवार की मौत को अप्रतिम क्षति और अकल्पनीय दुख बताया था. उन्होंने इसे व्यक्तिगत नुकसान करार देते हुए कहा था कि उन्होंने एक मजबूत दोस्त खो दिया है. मुख्यमंत्री ने राज्य में शोक की घोषणा की और परिवार को संवेदना व्यक्त की.


यह फैसला महाराष्ट्र की राजनीति में अजित पवार के महत्व को दर्शाता है, जो दशकों से सक्रिय रहे और कई बार उपमुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री रहे. उनकी मौत से एनसीपी और महायुति गठबंधन में शून्यता पैदा हुई है, खासकर बारामती जैसे मजबूत गढ़ में. चुनाव प्रचार में फडणवीस की अनुपस्थिति से पार्टी कार्यकर्ताओं पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आएगी, लेकिन राज्य सरकार का कहना है कि चुनाव समय पर और निष्पक्ष होंगे.



धार्मिक अनुष्ठान माता की चौकी में राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दर्शन पूजन किया।इस अवसर पर राजस्थान प्रगति मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी, नवनिर्वाचित नगरसेवक सिद्धार्थ पांडे उपस्थित थे।

# 10 साल के बच्चे पर कुत्ते का हमला

## 1 माह तक मौत से जूझने के बाद बच्चे ने तोड़ा दम



**कर्जत.** कर्जत तालुका के उमरोली ग्राम पंचायत इलाके में आवारा कुत्ते के हमले में गंभीर रूप से घायल 10 साल की मासूम छात्रा की एक महीने तक इलाज चलने के दौरान मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में हंगामा हो रहा है और ग्राम पंचायत और प्रशासन की ढीली मैनेजमेंट पर कड़ा गुस्सा जताया जा रहा है।

मृतक छात्र का नाम ऋषिकेश देवेंद्र पवार (उम्र 10) है और वह मूल रूप से रत्नागिरी जिले के ता. लांजा के आसगे बौद्धवाड़ी का रहने वाला था। वह फिलहाल अपने परिवार के साथ गारपोली (उमरोली) इलाके में पोद्दार सोसाइटी के पास गुरुश्रद्धा अपार्टमेंट में रह रहा था। 3 जनवरी, 2026 को ऋषिकेश ट्यूशन के लिए जा रहा था, तभी समृद्धि कॉम्प्लेक्स इलाके में अचानक एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। शुरू में लोकल हॉस्पिटल में इलाज के बाद, उसे K.E.M. हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। लेकिन, 31 जनवरी को सुबह करीब 3 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्रसाद लोंगले और नागो घारे समेत कई लोग एक ही कुत्ते के कई हमलों में घायल हो गए। हालांकि ऑफिशियली तीन लोगों के घायल होने का मामला दर्ज किया गया, लेकिन लोकल लोग बता रहे हैं कि असल में पांच से छह लोग घायल हुए थे। साथ ही, हाल ही में चिंचवली इलाके में एक स्टूडेंट को कुत्ते के काटने की घटना से इलाके में डर का माहौल बन गया है। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग लोग अपने घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि ग्राम पंचायत और एडमिनिस्ट्रेशन से कई बार शिकायत करने के बाद भी आवारा कुत्तों को कंट्रोल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गुस्साए लोगों ने सीधा आरोप लगाया है कि एडमिनिस्ट्रेशन की लापरवाही की वजह से आज एक मासूम बच्चे की जान चली गई। गुस्से में लोगों ने बॉडी लेने से मना कर दिया और एडमिनिस्ट्रेशन के खिलाफ प्रोटेस्ट करने की चेतावनी दी।

# पत्नी व नवजात बेटे की हत्या में पिता को उम्रकैद

**ठाणे.** ठाणे की एक अदालत ने 36 साल के एक शख्स को अपने नवजात बेटे की हत्या के लिए उम्रकैद की सज़ा सुनाई है. इसके साथ ही, साल 2013 में अपनी पत्नी और दो दूसरे बच्चों को मारने की कोशिश के लिए भी दोषी ठहराया है.

एजेंसी के मुताबिक, एडिशनल सेशंस जज एसजी इनामदार ने शुक्रवार को दिए गए आदेश में कहा कि प्रॉसिक्यूशन ने आरोपी सुनील सदाशिव पटाडे के खिलाफ सभी आरोप बिना किसी शक के साबित कर दिए हैं.

अपनी पत्नी के चरित्र पर शक के चलते, आरोपी ने 7 मार्च, 2013 को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कल्याण शहर में अपने घर पर सो रहे अपनी पत्नी और तीन बच्चों पर हमला किया था.

अभियोजन पक्ष ने बताया कि हमले के बाद उसके नौ महीने के बेटे की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और दो अन्य बच्चों को गंभीर चोटें आईं. बाद में महात्मा फुले चौक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास) और 324 (खतरनाक हथियारों या साधनों से जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मामला दर्ज किया.

कोर्ट ने उस शख्स को बेटे की हत्या के लिए उम्रकैद की सज़ा सुनाई और परिवार के अन्य सदस्यों को मारने की कोशिश के लिए 10 साल की सज़ा दी. दोनों सज़ाएं साथ-साथ चलेंगी.

कोर्ट ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का सामूहिक जुर्माना भी लगाया और निर्देश दिया कि यह राशि उस शख्स की पत्नी को मुआवज़े के तौर पर दी जाए.

# मुंबई के नशामुक्ति केंद्र में भर्ती नाबालिगों से दुराचार



**मुंबई.** मालाड इलाके में स्थित एक नशामुक्ति फाउंडेशन के निदेशक, महिला सह-निदेशक समेत चार लोगों के खिलाफ दो नाबालिग लड़कियों के साथ दुराचार और उनका जबरन गर्भपात करवाने का मामला दर्ज किया है। मालवणी पुलिस के अनुसार यह घटनाक्रम 24 जनवरी 2024 से 6 फरवरी 2025 के बीच मालाड के मालवणी में स्थित नशामुक्ति केंद्र में हुआ।

पुलिस के अनुसार 16 वर्षीय पीड़िता इलाज के लिए इस केंद्र में भर्ती थी। इसी दौरान फाउंडेशन के निदेशक ने कथित तौर पर न केवल उसके साथ बल्कि उसकी एक सहेली के साथ भी कई बार दुराचार किया। आरोप है कि आरोपियों ने दोनों नाबालिगों को जान से मारने की धमकी देकर चुप रहने के लिए मजबूर किया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब एक पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत होने पर डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां उसके गर्भवती होने की पुष्टि हुई। पुलिस के अनुसार इस घटना की सूचना देने के बजाय महिला सह-निदेशक ने नाबालिग का जबरन गर्भपात कराया।

दर्ज प्राथमिकी में केंद्र के दो अन्य कर्मचारियों के नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से परेशान दोनों पीड़िताओं ने गुरुवार को मालवणी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमने भारतीय न्याय संहिता और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। निदेशक और सह-निदेशक समेत चारों आरोपी फिलहाल फरार हैं और उन्हें वांछित घोषित किया गया है।

# 65 साल के एक आदमी पर हमला

- **बिल्डर और उसके साथियों के खिलाफ केस दर्ज**

**मुंबई.** एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग के रीडेवलपमेंट को लेकर हुए विवाद से उपजी एक चौंकाने वाली घटना में भांडुप में एक बिल्डर और उसके दो साथियों ने कथित तौर पर 65 साल के एक आदमी पर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। भांडुप पुलिस ने बिल्डर विनोद शर्मा और उसके साथियों, जिनकी पहचान नरेंद्र कटारिया और अब्दुल नाम के एक आदमी के तौर पर हुई है, के खिलाफ केस दर्ज किया है।

प्राथमिकी के मुताबिक, शिकायतकर्ता, रमेश प्रकाश मोहन (65), अपने परिवार के साथ स्वास्तिक पार्क, विलेज रोड, भांडुप वेस्ट में रहते हैं। मोहन का भांडुप वेस्ट के विलेज रोड पर आनंद नगर में बादल को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी में फ्लैट नंबर 13 है। सोसाइटी में 16 फ्लैट हैं, और मोहन का फ्लैट पुश्तैनी प्रॉपर्टी है। रीडेवलपमेंट प्रपोज़ल से विवाद क्योंकि बिल्डिंग 45 साल से ज़्यादा पुरानी है, इसलिए सोसाइटी के सदस्यों ने एकमत होकर रीडेवलपमेंट करने का फैसला किया था। सोसाइटी की हेड चेयरपर्सन उषा शर्मा हैं, साथ में सेक्रेटरी शिला नायर, ट्रेज़रर जयेश आंचन और दो कमेटी मेंबर हैं, जिन्होंने कथित तौर पर खुद ही 2022 में शर्मा कंस्ट्रक्शन कंपनी के पक्ष में बिल्डिंग के रीडेवलपमेंट का प्रपोज़ल स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी को दिया था। पुलिस ने कहा कि मोहन ने, सोसाइटी मेंबर के तौर पर, आपत्ति जताई और ज़ोर दिया कि रीडेवलपमेंट पूरी तरह से सरकारी नियमों के अनुसार किया जाए। इससे शर्मा कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक विनोद शर्मा के साथ बार-बार झगड़े हुए, जिन्होंने कथित तौर पर मोहन को प्रोजेक्ट में दखल देने के लिए धमकी दी थी। कोर्ट का आदेश और कथित दबाव बनाने की तरकीबें मोहन ने बाद में 7 अक्टूबर, 2023 को सिटी सिविल कोर्ट में रीडेवलपमेंट का विरोध करते हुए एक सिविल केस दायर किया। 23 दिसंबर, 2025 को, कोर्ट ने कथित तौर पर साइट पर किसी भी तरह की तोड़-फोड़ या कंस्ट्रक्शन के काम पर रोक लगाने का आदेश दिया।

इसके बावजूद, प्राथमिकी में कहा गया है कि डेवलपर ने कथित तौर पर बिल्डिंग की बिजली और पानी की सप्लाई काट दी और निवासियों पर अपने फ्लैट खाली करने का दबाव डाला। मोहन और सोसायटी के चार दूसरे लोगों ने जगह खाली करने से मना कर दिया है। पुलिस ने बताया कि मोहन ने किसी डेवलपमेंट एग्रीमेंट पर साइन नहीं किया है। हमले से पहले की घटना 28 जनवरी, 2026 की रात को, बिल्डर ने कथित तौर पर पानी की पाइपलाइन हटाने के लिए बिल्डिंग में आदमी भेजे थे।

# रिक्शा ड्राइवर पर लोहे के रॉड से हमला

- **टू व्हीलर चालक के खिलाफ मामला दर्ज**



**ठाणे.** रिक्शा और टू-व्हीलर के एक्सीडेंट में रिक्शा पलट गया। इस बीच रिक्शा के मुआवजे को लेकर हुई बहस और कहासुनी में 28 जनवरी को ठाणे के गांधीनगर इलाके में एक टू व्हीलर चालक ने रिक्शा ड्राइवर पर लोहे के रॉड से हमला कर दिया। हमला करने के बाद हमलावर भाग गया। रिक्शा ड्राइवर राजेश छत्रे (46) की शिकायत के बाद चितलसर पुलिस स्टेशन में बाइकर के खिलाफ केस दर्ज किया गया।शिकायतकर्ता रिक्शा चालक राजेश छत्रे (46) निवासी धर्मवीर नगर, मानपाड़ा, ठाणे ने चितलसर पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई शिकायत में कहा है कि घटना के दिन 28 जनवरी, 26 को सुबह करीब 10:30 बजे जब वह अपने ऑटोरिक्शा में गांधीनगर से घर जा रहा था, तब पोखरण रोड क्रमांक 2 से गांधीनगर की ओर आ रहे एक टू व्हीलर वाहन को बचाने के लिए उसने अचानक ब्रेक लगाए तो उसका रिक्शा पलट गया। शिकायतकर्ता ने दुर्घटना में रिक्शा के क्षतिग्रस्त होने पर टू व्हीलर सवार से मुआवजा मांगा। इससे नाराज होकर उसने गांधीनगर पानी की टंकी के पास लोहे की रॉड निकाली और रिक्शा चालक के साथ गाली-गलौज कर उसके सिर पर वार कर दिया। इस हमले में रिक्शा चालक घायल हो गया। शिकायत में कहा गया है कि इस मामले में भाग गए टू व्हीलर वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुनील वरुडे के मार्गदर्शन में आगे की जांच जारी है।

# मनपा आज कोपरी क्षेत्र में करेगी गहन सफाई अभियान

**ठाणे.** डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की संकल्पना के तहत मनपा की ओर से कल सोमवार 2 फरवरी को सुबह 7 बजे नौपाड़ा प्रभाग समिति के अंतर्गत मनोनीत महापौर शर्मिला पिंपोलकर के नेतृत्व में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा।व्यापक सफाई अभियान को लेकर आज 1 फरवरी मनपा में मनोनीत महापौर शर्मिला पिंपोलकर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, नगरसेवक भरत चव्हाण आदि उपस्थित थे।यह व्यापक सफाई अभियान कोपरी के अष्टविनायक चौक से शुरू होगा। कोपरी गांव, कन्हैया नगर, सिद्धार्थ नगर,बारा बंगला डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा।इस कैंपेन में सड़कों और आस-पास की सफ़ाई, कचरा इकट्ठा करना, सड़कों को पानी से धोना, साथ ही पब्लिक टॉयलेट की सफ़ाई और डिसइंफ़ेक्शन शामिल होगा।इसके अलावा, इस अभियान के दौरान पर्यावरण बचाने का संदेश देते हुए पेड़ भी लगाए जाएंगे। इस सफ़ाई अभियान में मनपा के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

# रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग

- **पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा, मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम**

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के जुहू स्थित आवास के बाहर फायरिंग की खबर सामने आई है. देर रात हुई इस घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. चश्मदीदों के अनुसार, रोहित शेट्टी के घर के बाहर चार राउंड गोलियां चलने की आवाज सुनी गई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आईं.



घटना की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस के आला अधिकारी, जोनल पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं. फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं.

मुंबई पुलिस कमिश्नर ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा, 'बिल्डिंग पर फायरिंग की गई है. हम सभी संभावित पहलुओं से इसकी जांच कर रहे हैं ताकि दोषियों की पहचान की जा सके.'

राहत की बात यह है कि इस गोलीबारी में अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है. जुहू स्थित रोहित शेट्टी के घर के बाहर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस पूरे इलाके की घेराबंदी करती नजर आ रही है. पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि हमलावरों की पहचान का पता लगाया जा सके.

फिलहाल पुलिस ने इस मामले में कोई आधिकारिक निष्कर्ष साझा नहीं किया है और कहा है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी.

# नवी मुंबई के व्यापारी से 1 करोड़ की ठगी, ठगों ने ऐसे ऐंठे रुपये

**नवी मुंबई.** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक 75 वर्षीय बिजनेसमैन से शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट पर ज़्यादा रिटर्न का वादा करके 1.08 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है. इस बात की जानकारी एक अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी. अधिकारी के मुताबिक पीड़ित, जो नवी मुंबई के वाशी इलाके का रहने वाला है.

### निवेश के नाम पर उच्च रिटर्न दिलाने के बदले की गई ठगी

पीड़ित ने बताया कि उसने पिछले महीने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था, जिसमें शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट पर अच्छा रिटर्न मिलने का वादा किया गया था.





इसके बाद उसे एक WhatsApp ग्रुप में जोड़ा गया और ट्रेडिंग अकाउंट बनाने के लिए अलग-अलग फर्जी वेबसाइट्स पर भेजा गया. साइबर पुलिस अधिकारी ने बताया कि 5 दिसंबर, 2025 और इस साल 6 जनवरी के बीच पीड़ित ने 18 अलग-अलग ट्रांसफर में 1.08 करोड़ रुपये अलग-अलग अकाउंट में जमा किए. जिसके बाद पीड़ित का भरोसा जीतने के लिए धोखेबाजों ने शुरू में उसे प्लेटफॉर्म पर अपना 'प्रॉफिट' 4 करोड़ रुपये से ज़्यादा होते हुए दिखाया.

### पुलिस ने 2 अज्ञात के खिलाफ दर्ज किया मामला

जब पीड़ित ने अपने पैसे निकालने की कोशिश की, तो धोखेबाजों ने टैक्स और IPO सब्सक्रिप्शन फीस के नाम पर और पैसे मांगे. इसके बाद उसे शक हुआ और उसने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के ज़रिए शिकायत दर्ज कराई. नवी मुंबई साइबर पुलिस ने 29 जनवरी को भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत धोखाधड़ी के आरोप में 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की है.

### टेंपो से सड़क पर गिरे थर्माकोल के डिब्बे

**पनवेल.** पनवेल के पास गव्हाण फाटा पर एक घटना हुई, जिसमें पनवेल शहर पुलिस की मुस्तैदी की वजह से एक गाड़ी से होने वाला बड़ा हादसा टल गया. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शनिवार को एक कार्यक्रम के लिए तलोजा आ रहे हैं, इसलिए उनके जाने वाले रास्ते में जगह-जगह पुलिस का इंतजाम किया गया था. गव्हाण फाटा पर मछली ले जा रहे एक टेंपो से बड़ी संख्या में थर्माकोल के डिब्बे सड़क पर गिर गए. पुलिस ने बताया कि उस समय वहां बहुत ट्रैफिक था.

Staff Required
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT : MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

نوجیون کو آپریٹو بینک لمیٹڈ
NAV JEEVAN CO-OP. BANK
ESTD : 1985
*Head Office:*
*Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.*
*☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523*
*Visit us at: www.navjeevanbank.com*
SERVICES AVAILABLE
Features and Services of Bank
- Different types of Deposits Schemes with Attractrive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners
Upcoming Service
Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099